# NEWSPAPER CLIPPINGS 2026-27




**Rajasthan Patrika**

Date – 22/-04/2026

# Inter-house Music Competition

Date- 11/05/2026

## आईआईएस में इंटर-हाउस संगीत प्रतियोगिता में छाया सुरों का जादू




**जयपुर।** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर के ऑडिटोरियम में आयोजित इंटर-हाउस गीत प्रतियोगिता अत्यंत सफल एवं आकर्षक रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और समर्पण के साथ शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस प्रतियोगिता में चार प्रमुख श्रेणियाँ रखी गई थीं गज़ल राउंड, राग आधारित हिंदी गीत, अंग्रेज़ी गीत तथा थीम आधारित हिंदी समूह गीत। विशेष रूप से थीम आधारित प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने गीत के साथ-साथ लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत कर अपने विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदर्शन में उत्कृष्टता का परिचय दिया। प्रदर्शन में उनकी मेहनत, अभ्यास और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हर प्रस्तुति में सृजनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला। निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध गायक रविन्द्र उपाध्याय, आकांक्षा दवे एवं नेहा काला सम्मिलित रहे। सभी निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भरपूर सराहना करते हुए उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास तथा मंच संचालन क्षमता की भी प्रशंसा की। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय की प्राचार्या निधि मिश्रा ने भी सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

# Business Remedies

Date- 11/05/2026

# आईआईएस में इंटर-हाउस संगीत प्रतियोगिता में छाया सुरों का जादू




**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर के ऑडिटोरियम में आयोजित इंटर-हाउस गीत प्रतियोगिता अत्यंत सफल एवं आकर्षक रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और समर्पण के साथ शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस प्रतियोगिता में चार प्रमुख श्रेणियाँ रखी गई थीं– ग़ज़ल राउंड, राग आधारित हिंदी गीत, अंग्रेज़ी गीत तथा थीम आधारित हिंदी समूह गीत। विशेष रूप से थीम आधारित प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने गीत के साथ-साथ लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत कर अपने विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदर्शन में उत्कृष्टता का परिचय दिया। प्रदर्शन में उनकी मेहनत, अभ्यास और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हर प्रस्तुति में सृजनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला। निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध गायक रविन्द्र उपाध्याय, आकांक्षा दवे एवं नेहा काला सम्मिलित रहे। सभी निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भरपूर सराहना करते हुए उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास तथा मंच संचालन क्षमता की भी प्रशंसा की। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

विद्यालय की प्राचार्या निधि मिश्रा ने भी सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

# Dainik Bhaskar

Date- 11/05/2026

दैनिक भास्कर
जयपुर सिटी भास्कर 11-05-2026

## गजल व गीतों से सजा इंटरहाउस कॉम्पीटिशन




सिटी रिपोर्टर • स्टूडेंट्स ने विभिन्न राउंड्स के दौरान थीम आधारित रचनाओं और लघु नाटिका की प्रस्तुतियां दीं। मौका था मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटरहाउस सॉन्ग कॉम्पीटिशन का। प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने 4 प्रमुख श्रेणियों गजल, राग आधारित हिंदी गीत, इंग्लिश सॉन्ग और ग्रुप सॉन्ग में अपनी गायन प्रतिभा दिखाई। सिंगर रवींद्र उपाध्याय, आकांक्षा दवे और सुश्री नेहा काला ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। प्रिंसिपल निधि मिश्रा ने प्रतिभागियों को मोटिवेट किया।

# Divya Jan Jagriti Samachar

Date- 11/05/2026

दैनिक दिव्य जनजागृति समाचार

## आई.आई.एस. में इंटर-हाउस संगीत प्रतियोगिता में सुर,लय, ताल का संगम




**दिव्य जनजागृति समाचार**

**जयपुर** । इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर के ऑडिटोरियम में आयोजित इंटर-हाउस गीत प्रतियोगिता आकर्षक रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और समर्पण के साथ शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में चार प्रमुख श्रेणियाँ रखी गई, ग़ज़ल राउंड, राग आधारित हिंदी गीत, अंग्रेज़ी गीत तथा थीम आधारित हिंदी समूह गीत। विशेष रूप से थीम आधारित प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने गीत के साथ-साथ लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत कर अपने विषय को अत्यंत प्रभावशाली तरीक़े से प्रस्तुत किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदर्शन में उत्कृष्टता का परिचय दिया। प्रदर्शन में उनकी मेहनत, अभ्यास और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हर प्रस्तुति में सृजनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# Inter-house Dance Competition

First India Newspaper

Date- 13/05/2026

FIRST INDIA

13 May 2026

## GRACE & RHYTHM SHINE AT IIS




The Inter-House Dance Competition at India International School, Mansarovar, was organised on Monday in the Dr IIS Abdul Kalam Auditorium, showcasing vibrant performances by students of Classes 6 to 12 representing five houses. The jury included Simran Agarwal, Aditi Sharma and Kritika Raghuvanshi. Principal Nidhi Mishra welcomed the judges with green gold plants and mementos. The event featured duet and group dance segments. Orchids emerged as winners in the duet, while Daffodils won the group dance. Judges praised performances, and Vice-Principal Mukta Khandelwal announced results and expressed appreciation.

# Sanjeevini Today

Date- 12/05/2026

## आई.आई.एस. में इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता में छाई नृत्य की धूम




संजीवनी टुडे

जयपुर। इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर की इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता सोमवार को विद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गई। सम्माननीय निर्णायक मंडल में विभिन्न नृत्य विधाओं की ज्ञाता सिमरन अग्रवाल,अदिति शर्मा एवं कृतिका रघुवंशी सम्मिलित थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने ' ग्रीन गोल्ड ' एवं प्रतीक चिह्न के साथ निर्णायक मंडल का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को दो भागों में विभक्त किया गया था- युगल नृत्य एवं समूह नृत्य, जिनमें विद्यालय के पाँचों हाउस के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों के रूप में बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं। चुनौतीपूर्ण युगल नृत्य प्रतियोगिता में उपविजेता ' ट्यूलिप्स' और 'ऑर्किड्स' हाउस विजेता रहा। वहीं विद्यालय की वार्षिक थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता में ऑर्किड्स उपविजेता और डेफोडिल्स हाउस विजेता रहा। भावपूर्ण प्रस्तुतियों से परिपूर्ण यह आयोजन अत्यधिक सफल रहा। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के मंत्रमुग्ध करने वाले उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहन भी दिया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या मुक्ता खंडेलवाल ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। उन्होंने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ विद्यार्थियों की भी प्रशंसा की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

Samachar Jagat

Date- 12/05/2026

# इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता में छाई नृत्य की धूम




**समाचार जगत न्यूज**

**जयपुर.** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर की इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता सोमवार को विद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गई। सम्माननीय निर्णायक मंडल में विभिन्न नृत्य विधाओं की ज्ञाता सिमरन अग्रवाल,अदिति शर्मा एवं कृतिका रघुवंशी सम्मिलित थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने ' ग्रीन गोल्ड ' एवं प्रतीक चिह्न के साथ निर्णायक मंडल का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को दो भागों में विभक्त किया गया था- युगल नृत्य एवं समूह नृत्य, जिनमें विद्यालय के पाँचों हाउस के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों के रूप में बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं। चुनौतीपूर्ण युगल नृत्य प्रतियोगिता में उपविजेता ' ट्यूलिप्स' और 'ऑर्किड्स' हाउस विजेता रहा। वहीं विद्यालय की वार्षिक थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता में ऑर्किड्स उपविजेता और डेफोडिल्स हाउस विजेता रहा। भावपूर्ण प्रस्तुतियों से परिपूर्ण यह आयोजन अत्यधिक सफल रहा। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के मंत्रमुग्ध करने वाले उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहन भी दिया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या मुक्ता खंडेलवाल ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। उन्होंने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# **CBSE Class 12th Result**

## Times of India

Date- 17/05/2026



# Hydro- Rocket Launch

## Dainik Bhaskar

Date- 27/05/2026

दैनिक भास्कर

जयपुर सिटी भास्कर 27-05-2026

# स्टूडेंट्स ने हाइड्रो रॉकेट लॉन्च किया



**सिटी रिपोर्टर •** स्टेम समर कैंप का आयोजन मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। थिंक एरा के सहयोग से छह दिन चले इस कैंप में स्टूडेंट्स ने हाइड्रो रॅकिट, कैटापल्ट और रोबो कार जैसे मॉडल बनाए। इसके जरिए बच्चों ने न केवल साइंस के कॉन्सेप्ट सीखे, बल्कि टीमवर्क, क्रिएटिविटी और नई सोच को भी समझा। ग्रैंड फिनाले में स्टूडेंट्स ने अपने बनाए हुए मॉडल्स पेरेंट्स और गेस्ट्स के सामने पेश किए। बच्चों ने हर प्रोजेक्ट के पीछे की तकनीक और आइडिया को भी आसान तरीके से समझाया। इस दौरान हाइड्रो रॉकेट लॉन्च आकर्षण रहा। स्कूल की प्रिंसिपल निधि मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों के इनोवेशन की सराहना की।

# Humara Samachar

Date- 27/05/2026

## आईआईएस के स्टीम समर कैंप में विद्यालय के बडिंग इनोवेटर्स का शानदार प्रदर्शन



हमारा समाचार @ जयपुर

इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में 'थिंक एरा' के सहयोग से एक छह दिवसीय स्टीम समर कैंप 2026 का आयोजन किया गया। इसका समापन विद्यालय के परिसर में एक भव्य शोकेसिंग के साथ हुआ।

इस कैंप के अंतर्गत छह दिनों तक छात्रों ने हाइड्रो रॉकेट, कैटापल्ट और रोबो कार जैसी व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान और नवाचार की दुनिया को जाना। इस कैंप का उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों में रचनात्मकता, टीम भावना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था, जिसमें यह पूर्णतया सफल रहा।

ग्रैंड फिनाले में छात्रों ने स्वयं के डिजाइन किए गए मॉडल उपस्थित अभिभावकों और अन्य अतिथियों के सामने आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए। साथ ही प्रत्येक प्रोजेक्ट के पीछे की अवधारणा व तकनीक को भी प्रभावी तरीके से समझाया।

हाइड्रो रॉकेट लॉन्च इस शोकेसिंग का मुख्य आकर्षण रहा, जिसे देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनकी नवीन सोच और प्रतिभा की सराहना की।

पाठ्यपुस्तकों से अलग जाकर इस प्रकार की व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा का अवसर प्रदान करने हेतु विद्यालय द्वारा की गई इस पहल की अभिभावकों ने अत्यधिक प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा अन्वेषण, नवाचार और खोज की यात्रा जारी रखने के प्रण के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

# Dainik Bhaskar

Date- 31/05/2026

## 10 से 35 साल तक सेवाएं देने वाले सदस्य सम्मानित



सिटी रिपोर्टर • जयपुर

आईआईएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से लंबे समय से संस्थान से जुड़े सदस्यों के सम्मान में 'बैज सेरेमनी' आयोजित की गई। कार्यक्रम में 10 साल से 35 तक सेवाएं देने वाले सदस्यों को बैज और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में ग्रुप के चेयरपर्सन अमित गुप्ता और को-चेयरपर्सन व निदेशक सुमित गुप्ता ने सदस्यों को बैज प्रदान किए। इस दौरान संस्थान के फाउंडर डॉ. अशोक गुप्ता को भी याद किया गया। अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता ने कहा कि किसी भी संस्थान की असली ताकत उसके समर्पित सदस्य होते हैं और यह सम्मान उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम है। प्रिंसिपल निधि मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी सदस्यों को आगे भी समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

Samachar Jagat

Date- 31/05/2026

# आईआईएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में बैज सेरेमनी



**जयपुर, समाचार जगत न्यूज.** आईआईएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की ओर से अपने अनुभवी एवं समर्पित सदस्यों के सम्मान में एक विशेष 'बैज सेरेमनी' का आयोजन इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन अमित गुप्ता एवं को-चेयरपर्सन सुमित गुप्ता ने संस्थान के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को स्मरण करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित इस संस्थान से वर्षों तक जुड़े रहकर अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाले सभी सदस्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु यह बैज प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित और अनुभवी सदस्य होते हैं तथा उनका योगदान संस्थान की सफलता की आधारशिला है। समारोह में 10 वर्ष से लेकर 35 वर्ष से अधिक समय से संस्थान को अपनी सेवाएँ दे रहे सदस्यों को बैज एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षकगण, प्रयोगशाला सहायक, कार्यालय कर्मचारी एवं सहायक कर्मचारी शामिल रहे। प्रत्येक सदस्य को मंच पर आमंत्रित कर उनके योगदान का संक्षिप्त परिचय दिया गया, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने चेयरपर्सन अमित गुप्ता एवं को-चेयरपर्सन सुमित गुप्ता का आभार जताया।

# Rajasthan Patrika

Date- 31/05/2026

# बैज व प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** आइआइएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की ओर से मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में 'बैज सेरेमनी' का आयोजन हुआ। संस्थान के चेयरपर्सन अमित गुप्ता और निदेशक सुमित गुप्ता ने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित और अनुभवी सदस्य होते हैं। उनका योगदान संस्थान की सफलता की आधारशिला है। संस्थान के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी सदस्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए



कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में 10 वर्ष से लेकर 35 वर्ष से अधिक समय से संस्थान को अपनी सेवाएं दे रहे सदस्यों को बैज एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# Yoga Day

## Dainik Bhaskar

Date- 22/06/2026

## योग से स्वस्थ शरीर, शांत मन का संदेश



सिटी रिपोर्टर • योग दिवस पर रविवार को इंडिया इंटरनेशनल स्कूल और आईआईएस वर्ल्ड स्कूल, मानसरोवर में स्टूडेंट और टीचर्स ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग शिक्षक के मार्गदर्शन में सभी ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों ने शांति, संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। स्कूल प्रिंसिपल निधि मिश्री ने कहा कि 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन, यही योग का सच्चा सार है।'

# Foundation Day

## DAINIK BHASKAR

July 18, 2026

दैनिक भास्कर जयपुर सिटी भास्कर 18-07-2026

### 'एल्यूमिनाई रिकनैक्ट' में शामिल हुए 80 पूर्व स्टूडेंट



सिटी रिपोर्टर • इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में 37वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के लिए 'एल्यूमिनाई रिकनैक्ट' का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षाविदों और करीब 80 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान संस्थान के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता की अनुपस्थिति को सभी ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ याद किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के म्यूजिकल बैंड 'आई.आई.एस. क्रेसेंडो' का शुभारंभ रहा। संस्थान के चेयरपर्सन अमित गुप्ता ने गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में 'आई.आई.एस. एल्यूमिनाई रिकनैक्ट' का लोगो लॉन्च किया। आई.आई.एस. एल्यूमिनाई काउंसिल के प्रेसिडेंट एडवोकेट सूर्य प्रताप, बैच 2002 की नेहा जोशी और बैच 2020 की स्नुहा मंगल ने एल्यूमिनाई नेटवर्क की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से पूर्व विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और रजिस्ट्रेशन किट भेंट कर सम्मानित किया गया।

SAMACHAR JAGAT

July 17, 2026

## आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस का स्थापना दिवस

# संस्था की 37 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन

समाचार जगत न्यूज



जयपुर। आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस ने अपनी 37 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस उत्सव-2026का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया। इस अवसर पर आईआईएस आईआईएस मानसरोवर, आईआईएस सीतापुरा तथा इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट में विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्था की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित करती फोटो प्रदर्शनी का भी विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक के महत्वपूर्ण पड़ाव, उपलब्धियों एवं यादगार क्षणों को तस्वीरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने विशेष रुचि के साथ देखा।आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता ने वर्ष 1990 में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल तथा वर्ष 1995 में इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स (वर्तमान आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव रखी। आज यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) परिसर में दिनभर विभिन्न रोचक गतिविधियों के आयोजन भी हुए। कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन डे बैज वितरण से हुई, जिसके बाद लाफ्टर जुम्बा एवं साइमन सेज जैसी ऊर्जावान गतिविधियों ने सभी में उत्साह का संचार किया।

**MORNING NEWS**

July 17, 2026

# आईआईएस इंस्टिट्यूशंस ने मनाया स्थापना दिवस



जयपुर (मॉर्निंग न्यूज)। आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस ने अपनी 37 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस 'उत्सव-2026' का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया। इस अवसर पर आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), आईआईएस मानसरोवर, आईआईएस सीतापुरा तथा इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट में विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित करती फोटो प्रदर्शनी का भी विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने उद्घाटन किया गया।

आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता ने वर्ष 1990 में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल तथा वर्ष 1995 में इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स (वर्तमान आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव रखी। आज यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

HMARA SAMACHAR

JULY 17, 2026

# आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस ने हर्षोल्लास से मनाया 37वां स्थापना दिवस

हमारा समाचार @ जयपुर

आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस ने अपनी 37 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस "उत्सव-2026" का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया। इस अवसर पर आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), आईआईएस मानसरोवर, आईआईएस सीतापुरा तथा इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट में विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम



के दौरान संस्था की उपलब्धियों और विकास यात्रा को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने किया।

आईआईएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता ने वर्ष 1990 में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल तथा वर्ष 1995 में इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स, जो वर्तमान में आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी है, की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव रखी। स्थापना दिवस पर दिनभर फाउंडेशन डे बैज वितरण, लाफ्टर जुम्बा, साइमन सेज, स्प्लैश, ग्रैटिट्यूड जार, ब्लाइंडफोल्डेड कप्स स्टैकिंग, क्लैप-बॉम्ब एंड स्नैच, बॉल बैलेंस मेज, जैमिंग सेशन और फ्लैश मॉब जैसी गतिविधियों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इनमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# Rajasthan Patrika

Date- 20/07/2026

• उत्सव 2026

## स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी में नजर आईं 36 वर्ष की उपलब्धियां



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** आइआइएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने अपना 36वां स्थापना दिवस 'उत्सव-2026' उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर आइआइएस यूनिवर्सिटी, आइआइएस मानसरोवर, आइआइएस सीतापुरा और इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट में विभिन्न रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान संस्था की 36 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता के शिक्षा क्षेत्र में योगदान को भी याद किया गया। स्थापना दिवस पर फाउंडेशन डे बैज वितरण, लाफ्टर जुम्बा, हैप्पीनेस एक्टिविटीज, जैमिंग सेशन और फ्लैश मॉब सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

# Times of India

Date- 20/07/2026

## Foundation day celebrated in a grand way!




India International School celebrated its 37th foundation day, marking nearly four decades of academic excellence, holistic development and purpose. The poignant absence of the institution's late founder patron, Dr Ashok Gupta, was deeply felt throughout the day, and the event served as a powerful testament to carrying his legacy forward. The occasion was attended by a large gathering of well-wishers, family, friends and returning alumni who came together to pay tribute and take part in the celebrations.

A major highlight was the official launch of 'IIS Crescendo', the new musical band. Designed to reflect creative excellence, the band's debut performance conveyed Dr Ashok Gupta's vision through music and received wide appreciation from the audience.

The celebrations also served as a grand homecoming, with around 80 alumni from different graduating batches returning to campus. Council members Neha Joshi (batch of 2002) and Spraha Mangal (batch of 2020) presented an overview of the alumni network's journey, highlighting the importance of active networking and participation. The IIS Alumni Reconnect logo was formally released by the chairperson, Amit Gupta, in the presence of students and dignitaries. Advocate Surya Pratap, president of the IIS Alumni Reconnect, welcomed the alumni back to their alma mater.

As a gesture of appreciation, special tokens of remembrance were presented to all alumni in attendance, followed by the distribution of registration kits and a celebratory lunch. Addressing the gathering, the chairperson assured the community that the institution's finest days lie ahead and that IIS will continue to scale new heights.

While senior members and alumni reconnected, junior school students participated in hands-on workshops in arts, crafts, sports and literary activities, strengthening interpersonal skills and a sense of belonging. The day concluded with a collective commitment to advance the founder patron's vision with renewed vigour and enthusiasm.

# Samachar Jagat

Date- 06/08/2026


## आईआईएस का जूनियर एक्स्ट्रावैगेंजा-2026

# प्रतिभा, परंपरा और प्रेरणा के तीन दिवसीय भव्य उत्सव का समापन




**जयपुर, समाचार जगत न्यूज .** मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल तीन दिवसीय भव्य 'जूनियर एक्स्ट्रावैगेंजा-2026' बुधवार को उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के ऑडिटोरियम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली परीकथाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कल्पना और आश्चर्य की दुनिया में पहुँचा दिया, वहीं कहानी, संगीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने जब मिलकर अंग्रेजी गीत सम्मिलित रूप से गाए तो इस प्रदर्शन ने पूरे ऑडिटोरियम को मधुरता से भर दिया।इन सभी के साथ ही विद्यार्थियों की 'वैल्यूज' पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी को दया, सहयोग, कृतज्ञता और अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया।चेयरपर्सन अमित गुप्ता ने अभिभावकों को बधाई देते हुए उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए विद्यालय की ओर से उठाए गए नवीनतम कदमों की जानकारी दी। प्राचार्या निधि मिश्रा ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि उनके बच्चे सुरक्षित हाथों में हैं और विद्यालय समग्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Divya Jan Jagriti Samachar

Date- 06/08/2026

# आई.आई.एस. का जूनियर एक्स्ट्रावैगेंजा 2026: प्रतिभा, परंपरा और प्रेरणा के तीन दिवसीय भव्य उत्सव का शानदार समापन




● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर ।** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में 1 अगस्त से प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय भव्य जूनियर एक्स्ट्रावैगेंजा 2026 बुधवार को उल्लास के साथ संपन्न हुआ । विद्यालय के ऑडिटोरियम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली परीकथाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कल्पना और आश्चर्य की दुनिया में पहुँचा दिया, वहीं कहानी, संगीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने जब मिलकर अंग्रेजी गीत सम्मिलित रूप से गाए तो इस प्रदर्शन ने पूरे ऑडिटोरियम को मधुरता से भर दिया। इन सभी के साथ ही विद्यार्थियों की वैल्यूज पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी को दया, सहयोग, कृतज्ञता और अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया ।चेयरपर्सन अमित गुप्ता ने अभिभावकों को बधाई देते हुए उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए विद्यालय की ओर से उठाए गए नवीनतम कदमों की जानकारी दी। प्राचार्या निधि मिश्रा ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि उनके बच्चे सुरक्षित हाथों में हैं और विद्यालय समग्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।